प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 15.11.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-छेड़छाड़ करने व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार थाना डिलारी:

अवगत कराना है दिनांक 14.11. 2024 को वादी निवासी थाना डिलारी क्षेत्र अंतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना डिलारी पर तहरीर दी तहरीर के आधार पर थाना डिलारी पर मु0अ0सं0 -321/24 धारा 74/75/333/351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम आज दिनांक 15.11.2024 को उ0नि0 प्रवीण कुमार तेवतिया थाना डिलारी पुलिस द्वारा अभियुक्त शहजाद पुत्र हामिद निवासी सुल्तानपुर मुण्डा जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है

2- थाना कटघर पुलिस द्वारा एक वारंटी गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा वांछित/ वारण्टी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 15.11.2024 को थाना कटघर पुलिस द्वारा वारण्टी फईम पुत्र सुवराती निवसी पंडित नगला थाना कटघर जनपद मुरादाबाद संबंधित वाद सं0 771/2021 धारा 125 द0प्र0स0 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

3-कटघर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 15.11.2024 को थाना कटघर पुलिस द्वारा आरोपी अमन पुत्र दिनेश निवासी पीतलबस्ती शिव गंगा बिहार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया